UPSC MAINS · ANSWER PRACTICE

Polity & Governance · GS - II

भारत में निर्वाचन आयोग की
स्वतंत्रता और निष्पक्षता
सुनिश्चित करने के लिए
संवैधानिक सुरक्षा उपायों का
परीक्षण कीजिए। निर्वाचन
प्रक्रिया में जनता के विश्वास
को मजबूत करने के उपाय सुझाइए।

EXAM YEAR

DAILY PRACTICE 30/10/2026

PAPER

GS - II

SUBJECT

Polity & Governance

MARKS

10

WORD LIMIT

~150 words

Answer Hint
अनुच्छेद 324; निर्वाचन आयोग की संवैधानिक स्थिति ; CEC की
नियुक्ति एवं पद से हटाने की प्रक्रिया ; संस्थागत स्वतंत्रता ;
मतदाता सूची की शुद्धता ; पारदर्शिता ; जवाबदेही ; चुनावी सुधार

Model Answer
परिचय
स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला
हैं। भारतीय निर्वाचन आयोग (ECI) को चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता
सुनिश्चित करने के लिए संवैधानिक दर्जा प्राप्त है।
संवैधानिक सुरक्षा उपाय
अनुच्छेद 324: निर्वाचन आयोग को चुनावों के अधीक्षण , निर्देशन
और नियंत्रण की शक्ति प्रदान करता है।

www.becomeias.com YouTube: becomIAS | Instagram: howtobecomeias

पद से हटाने की सुरक्षा : मुख्य
निर्वाचन आयुक्त को सर्वोच्च न्यायालय
के न्यायाधीश के समान प्रक्रिया से ही
हटाया जा सकता है।
सेवा शर्तों की सुरक्षा : नियुक्ति के
बाद CEC की सेवा शर्तों में उसके
प्रतिकूल परिवर्तन नहीं किया जा सकता।
संस्थागत व्यवस्था : निर्वाचन आयोग
चुनाव कार्यक्रम , आदर्श आचार संहिता और
चुनावी निगरानी की जिम्मेदारी निभाता
है।

प्रमुख चुनौतियाँ

मतदाता सूची में त्रुटियाँ , राजनीतिक आरोप -
प्रत्यारोप , नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर
विवाद तथा चुनावी पारदर्शिता से जुड़ी
चिंताएँ संस्थागत विश्वास को प्रभावित कर
सकती हैं।

आगे की राह

नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता ,
मतदाता सूची के संशोधन में उचित सूचना एवं
सुनवाई , शिकायतों का समयबद्ध निपटारा और
निर्वाचन आयोग की निष्पक्ष कार्यप्रणाली
में सार्वजनिक विश्वास बढ़ाना आवश्यक है।

निष्कर्ष

निर्वाचन आयोग की संस्थागत स्वतंत्रता और
पारदर्शी चुनावी प्रक्रियाएँ लोकतंत्र की
विश्वसनीयता तथा नागरिकों के विश्वास को
मजबूत करती हैं।

www.becomeias.com YouTube: becomIAS | Instagram: howtobecomeias